TOPIC - Population and Sample

जनसंख्या एवं प्रतिदर्श

Date 10/05/20

अनुसंधान में जनसंख्या (Population) तथा शब्द समष्टि से तात्पर्य उन सभी इकाइयों के समुच्चय (Set of Units) से होता है जिनमें कुछ सामान्य विशेषताएँ होती हैं तथा जिनके सम्बन्ध में अनुसंधानकर्ता कुछ निष्कर्ष ज्ञात करना चाहता है।

जैसे, यदि अनुसंधानकर्ता मध्य प्रदेश के सतना जिले में अध्ययनरत कक्षा पाँच के छात्रों के सम्बन्ध में कोई निष्कर्ष ज्ञात करना चाहता है तो उसके अध्ययन की जनसंख्या मध्य प्रदेश में स्थित प्राथमिक विद्यालयों की कक्षा पाँच में अध्ययनरत समस्त छात्रों का समुच्चय होगा। इसी प्रकार से माध्यमिक विद्यालय अध्यापकों की, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की, बिक्री कर्मियों की, बीमा एजेन्टों की, शिक्षित गृहणियों की, किसी रोग विशेष से पीड़ित व्यक्तियों की जनसंख्याएँ हो सकती हैं।

जनसंख्याएँ सीमित (finite) भी हो सकती हैं तथा असीमित (Infinite) भी हो सकती हैं सीमित जनसंख्या (finite Population) वे समुच्चय होते हैं जिनकी इकाइयों की संख्या सुनिश्चित होती है जैसे - राजस्थान में विश्वविद्यालयी अध्यापकों की संख्या, किसी कम्पनी में कार्यरत मजदूरों की संख्या, किसी महानगर में परिवारों की संख्या, किसी बड़े चिकित्सालय में रोगियों की संख्या सीमित जनसंख्या के उदाहरण हैं।

इसके विपरीत असीमित जनसंख्या (Infinite Population) वे जनसंख्या हैं जिनमें इकाइयों की संख्या अनिश्चित अथवा अनन्त होती है। जैसे आकाश में तारों की संख्या किसी भाषा में बोले जाने वाले शब्दों की संख्या असीमित जनसंख्या के उदाहरण हैं।

Scanned with CamScanner